# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2025 सिद्धार्थनगर पुलिस।

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 19.08.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

**दिनांक 19.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**!विनम्र श्रद्धांजलि!**

◆जनपद सिद्धार्थनगर के पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में तैनात मुख्य आरक्षी श्री बिहारी लाल यादव का सड़क दुर्घटना में निधन।

जनपद सिद्धार्थनगर के पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी श्री बिहारी लाल निवासी ग्राम गड़ेर थाना भलुअनी जनपद देवरिया, का दिनांक 19/08/2025 को जिला न्यायालय सिद्धार्थनगर के समक्ष एक अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर सिद्धार्थनगर पुलिस गहरा दुख व्यक्त करती है और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है। इस शोक की घड़ी में समस्त सिद्धार्थनगर पुलिस शोकाकुल परिवार के साथ है और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती है।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2025 सिद्धार्थनगर पुलिस।

◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 19.08.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम/शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थानाक्षेत्र शोहरतगढ मे छतहरा, परसिया, बाणगंगा, शिव पति इण्टर कालेज, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01.म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

02.महिला मुख्य आरक्षी सुनीता एण्टी रोमियो स्क्वायड।

03.महिला मुख्य आरक्षी कंचन एंटी रोमियो स्क्वायड।

04.महिला आरक्षी मंजू एंटी रोमियो स्क्वायड।

# <u>प्रेस नोट दिनांक 19.08.2025 सिद्धार्थनगर पुलिस ।</u>

**“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना शोहरतगढ़ पुलिस की प्रभावी पैरवी से यौन उत्पीडन के आरोपी को 03 वर्ष के कठोर कारावास व ₹ 10,200/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया ।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 19-08-2025 को वाद संख्या 56/2015 मु0अ0सं0 1132/2015 धारा 354A, 352, 323, 504, 506 भादवि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना शोहरतगढ़ में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त अवधेश पुत्र बेचन चाई थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 354A व 352 में 03 वर्ष के कठोर कारावास व कुल ₹ 10,200/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया । सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी उदय साहनी थाना शोहरतगढ़ का सराहनीय योगदान रहा ।**

**प्रेस नोट दिनांक 19-08-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 19.08.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।**